सोमनाथन की भारत के नए कैबिनेट सचिव के रूप में नियुक्ति

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

भारत सरकार ने राजीव गौबा की जगह **टी.वी. सोमनाथन** को **नया कैबिनेट सचिव नियुक्त** किया।

- इससे पूर्व वित्त सचिव के रूप में, सोमनाथन को वित्त के अपने बेहतर प्रबंधन के लिये जाना जाता है, साथ ही उन्होंने उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजनाओं और PM गरीब कल्याण तथा आत्मनिर्भर भारत जैसी पहलों में योगदान दिया है।
- कैबिनेट सचिव **भारत सरकार में सर्वोच्च पद पर आसीन सिविल सेवक** होता है, जो **सिविल सेवा बोर्ड, कैबिनेट सचिवालय का पदेन अध्यक्ष** होता है।
    - **दो वर्ष के निश्चित कार्यकाल** के लिये नियुक्त, कैबिनेट सचिव भारतीय वरीयता क्रम में ग्यारहवें स्थान पर होता है और **प्रधानमंत्री का प्रत्यक्ष अधीनस्थ** होता है।
    - संशोधित **अखिल भारतीय सेवा (मृत्यु-सह-सेवानिवृत्ति-लाभ) नियम, 1958** के अनुसार कैबिनेट सचिव का **कार्यकाल चार वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है**, साथ ही **कार्यकाल में तीन महीने तक का अतिरिक्त विस्तार** भी संभव है।
    - सरकारी कार्यों को सुगम बनाने, कैबिनेट को सचिवीय सहायता प्रदान करने, अंतर-मंत्रालयी प्रयासों का समन्वय करने और समितियों के माध्यम से विवादों का समाधान करने में इनकी भूमिका होती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/somanathan-appointed-as-india-s-new-cabinet-secretary